हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, रविवार 15 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 31.2 डिग्री
न्यूनतम 17.6 डिग्री

14 29 कुपोषित-अति कुपोषित बच्चों को बांटी गई दवाई



14 बागबाहरा में मातृ-पितृ दिवस एवं शिशु नगरी कार्यक्रम हुआ





## खबर संक्षेप

### लूटपाट के आरोप में तीन नाबालिग गिरफ्तार

**महासमुंद**। शहर के नयापारा स्थित नर्सरी के पास एक व्यक्ति के साथ हुई लूटपाट के मामले में कोतवाली पुलिस ने तीन नाबालिगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से मोबाइल व बाइक बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी लिलेशपाल पिता स्व सेवक पाल (42 वर्ष) निवासी सोरिद रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 9 फरवरी की रात करीबन 7.30 बजे काम करके अपने घर ग्राम सोरिद जा रहा था, करीबन 7.45 बजे नयापारा महासमुंद से लगे नर्सरी के पास तीन अज्ञात लोगों के द्वारा प्रार्थी का रास्ता रोककर गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देते हुए उसके पास रखे मोबाल व नगदी रकम 4800 रुपए को लेकर भाग गये। रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 351(3), 308(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने विवेचना के दौरान मामले में संदेहियों की पहचान विधि से संघर्षरत तीन बालक के रूप में की। जिनके कब्जे से दो नग मोबाइल तथा घटना में प्रयुक्त पैशन प्रो मोटर सायकल सीजी 04 सीएक्स 9757 कीमत लगभग 10000 रुपए को बरामद किया गया। विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को बाल सुधार गृह महासमुंद भेजा गया है।

### गैस एजेंसी के पास से बाइक चोरी

**महासमुंद**। वार्ड 11, धीवरपारा बेलसोंडा निवासी तेजराम धीवर ने थाने में बाइक चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के अनुसार, 10 फरवरी की दोपहर लगभग 3:15 बजे वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 पीएक्स 9676 (काले रंग की स्प्लेंडर) को गैस एजेंसी के पास खड़ी कर काम से गया था। कुछ देर बाद लौटने पर बाइक गायब थी। उन्होंने आसपास काफी तलाश की, लेकिन पता नहीं चल सका। तब चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

### बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास की दी गई परामर्श

**महासमुंद**। जिले में 09 से 18 फरवरी 2026 तक वजन त्यौहार का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले के बागबाहरा विकास खंड के कोमाखान सेक्टर के ग्राम कसीहबाहरा आंगनबाड़ी केंद्र में वजन त्योहार बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया, जिसमें 0 से 6 साल के बच्चों का वजन और ऊंचाई मापी गई। साथ ही किशोरी बालिका, गर्भवती एवं शिशुवती, महिलाओं का वजन और ऊंचाई दर्ज किया गया। पालकगणों को बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही बच्चों का समय पर टीकाकरण के साथ माता द्वारा स्तनपान, खान पान संबंधित विस्तारपूर्वक समझाइश दी गई। माताओं को बच्चों के ग्रोथ चार्ट के बारे में भी बताया गया।

# भवन जर्जर इसलिए सामुदायिक भवन में लगती है बच्चों की कक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्कूल भवन के जर्जर होने के कारण वैकल्पिक व्यवस्था के तहत बच्चों की कक्षा सामुदायिक भवन में लग रही है। लेकिन, आगामी नवरात्रि पर्व पर उक्त भवन में ज्योत कक्ष और अन्य धार्मिक आयोजन प्रस्तावित है। ऐसे में जिले के विकासखंड बागबाहरा के ग्राम खट्टाडीह के शासकीय प्राथमिक शाला के बच्चों की शिक्षा को लेकर ग्रामीण चिंतित है। वहीं जर्जर भवन में बच्चों को भेजने से डर रहे है। इस समस्या को लेकर ग्रामवासियों और पंचायत प्रतिनिधियों ने शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों को पत्र लिखकर तत्काल समाधान की मांग की है। लेकिन, अफसरों की लापरवाही के चलते इस पर कोई संज्ञान नही लिया जा रहा है।

## भवन में होने हैं नवरात्रि पर धार्मिक आयोजन, बच्चों का भविष्य अधर में

### नवरात्रि के कारण खड़ा हुआ संकट

अब स्कूल के सामने एक नई समस्या खड़ी हो गई है। आगामी नवरात्रि के अवसर पर गांव के सामुदायिक भवन में ज्योति जंवारा और अन्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन प्रस्तावित है। इस कारण यह भवन अब स्कूल संचालन के लिए उपलब्ध नहीं रहेगा। वैकल्पिक जगह न होने की स्थिति में स्कूल की नियमित कक्षाएं पूरी तरह बंद हो जाएंगी, जिसका सीधा असर बच्चों की वार्षिक परीक्षाओं और उनकी पढ़ाई पर पड़ेगा।



### विभाग की जिम्मेदारी तय करने की मांग

दिनेश्वरी साहू और अन्य पंचायत सदस्यों ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी और जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपे गए पत्र में स्पष्ट किया है कि यदि समय रहते वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई, तो बच्चों की पढ़ाई बाधित होगी। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि लंबे समय से शिकायत के बावजूद कार्रवाई न होना विभाग की लापरवाही को दर्शाता है। यदि भविष्य में बच्चों की सुरक्षा या शिक्षा को लेकर कोई अप्रिय स्थिति उत्पन्न होती है, तो इसकी पूर्ण जिम्मेदारी शिक्षा विभाग की होगी। ग्रामीणों ने मांग की है कि विद्यार्थियों के हित को देखते हुए जल्द से जल्द नया स्कूल भवन स्वीकृत किया जाए और तात्कालिक रूप से पढ़ाई जारी रखने के लिए किसी अन्य पक्के भवन की व्यवस्था की जाए।

ग्रामीणों के अनुसार, शासकीय प्राथमिक शाला खट्टाडीह का मूल भवन पिछले चार वर्षों से पूरी तरह जर्जर और असुरक्षित हो चुका है। भवन की हालत इतनी खराब है कि वहां बच्चों को बैठाना उनकी जान जोखिम में डालने जैसा है। इस संबंध में विभाग को कई बार लिखित और मौखिक रूप से सूचना दी जा चुकी है, लेकिन अब तक नई बिल्डिंग के निर्माण या मरम्मत के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। स्कूल भवन असुरक्षित होने के कारण ग्राम पंचायत और ग्रामीणों के सहयोग से स्कूल को गांव के सामुदायिक भवन (मातागुड़ी) में शिफ्ट किया गया था। जहां वर्तमान में बच्चे बैठकर पढ़ाई कर रहे हैं। हालांकि, एक छोटे से सामुदायिक भवन में पूरे स्कूल का संचालन करना पहले से ही चुनौतीपूर्ण बना हुआ था।

## विरोध : बाइक रैली निकालकर किया प्रदर्शन, शहर में पुलिस पेट्रोलिंग रही सख्त

# बजरंग दल ने वेलेंटाइन डे का किया विरोध गार्डनों में पहुंचकर युवाओं को दी समझाइश

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शहर में वेलेंटाइन डे के मौके पर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए विभिन्न गार्डनों और सार्वजनिक स्थलों में पहुंचकर वहां मौजूद युवक-युवतियों को भारतीय संस्कृति का हवाला देते हुए समझाइश दी। संजय कानन, संत रविदास गार्डन, इमली भाठा गार्डन, बीटीआई रोड स्थित गुरु गोविंद सिंह उद्यान सहित अन्य उद्यानों में बाइक रैली के माध्यम से पहुंचे। टाउन हॉल के पास स्थित गार्डन में एक प्रेमी युगल व दलदली रोड बगीचा में एक प्रेमी युगल को समझाइश देकर सुरक्षित घर



लौटाया। बजरंगियों की मानें तो उनके द्वारा उक्त पाश्चात्य संस्कृति के विरोध में यह कदम उठाना पड़ा। बजरंग दल कार्यकर्ताओं का कहना है कि वे "भारतीय संस्कृति की रक्षा" के उद्देश्य से यह अभियान चलाते हैं। उनका आरोप है कि वेलेंटाइन डे के नाम पर सार्वजनिक स्थलों पर अशोभनीय गतिविधियां बढ़ती हैं, जिन्हें रोकना जरूरी है। बजरंग दल के सदस्यों ने कहा कि वेलेंटाइन डे हमारे देश की संस्कृति नहीं है। इस दिन मातृ-पितृ पूजन दिवस के रूप में मनाते हैं। आज ही के दिन पुलवामा हमले में हमारे देश के 40 जवान शहीद हुए थे। उन शहीद जवानों की शहादत को याद करते हुए यह दिन उन्हें श्रद्धांजलि देने का है। शनिवार को सुबह से ही बजरंग दल के कार्यकर्ता समूह बनाकर शहर के प्रमुख पार्कों, गार्डनों और एकांत स्थलों पर पहुंचे। उन्होंने कई जगहों पर बैठकर बातचीत कर रहे युवाओं से चर्चा की और पारंपरिक मूल्यों का पालन करने की सलाह दी।

### बजरंगियों ने निकाली बाइक रैली, उद्यानों में पहुंचे कार्यकर्ता

**संगठन** द्वारा शहर में बाइक रैली भी निकाली गई। रैली में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए, जिन्होंने नारेबाजी करते हुए वेलेंटाइन डे का विरोध जताया। रैली शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी, जिससे आमजन का ध्यान इस मुद्दे की ओर आकर्षित हुआ। इस बाइक रैली में बजरंग दल से छबि सिन्हा, गुड्डा सिन्हा, गौ रक्षा प्रमुख सुमन संेद्रे, दीपक सिन्हा, नीलकंठ साहू, चंदन नेताम, गोलू सिन्हा, राहुल ध्रुव, राहिल गुप्ता, वासु चंद्राकर, मोहन पटेल, नसीब टांडी, शिव नायक, सागर चंद्राकर, करण यादव, निखिल महानंद, लोकेश, त्रिलोक ठाकुर, निखिल महानंद, बिंदेश्वर, निहाल, सत्येंद्र ठाकुर, दुष्यंत शर्मा, प्रतीक साहू, भावेश चक्रधारी, टिकेश्वर चक्रधारी, नारायण साहू, सूरज सिंह, आकाश खत्री, दिनेश सिंह, नागेश्वर साहू, राजू मानिकपुरी, पुरस्कार देवदास, आकाश राज, रामेश्वर साहू, रोशन सेन, लक्की यादव, शुभम यादव, रोशन गिरि, नीलकंठ निषाद, देव, मोक्ष, आकाश, वासु खत्री, शुभम सीता डोंडेकर, समीर यादव, दिलीप यादव,




राजेंद्र कुमार, बृजेश कुमार चंद्राकर, सुदर्शन चंद्राकर, हरिनारायण गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

### पुलिस रही सतर्क लगातार होती रही पेट्रोलिंग

संभावित अप्रिय स्थिति को देखते हुए पुलिस की सतर्कता नजर आई। शहर के प्रमुख स्थानों, गार्डनों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में पुलिस की पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई थी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष निगरानी रखी जा रही है और किसी भी तरह की गड़बड़ी पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

# ठाकुरदिया-बुंदेली मार्ग पर दिखे तीन तेंदुए, ग्रामीणों में दहशत का माहौल



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले के पिथौरा वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ठाकुरदिया-बुंदेली मार्ग पर शनिवार सुबह ग्रामीणों ने एक साथ तीन तेंदुओं को देखा। कक्ष क्रमांक 223 के मिश्रित आरक्षित जंगल के पास तेंदुओं की मौजूदगी की खबर जैसे ही फैली, आसपास के गांवों में दहशत का माहौल बन गया है।

जानकारी के अनुसार, सुबह जब ग्रामीण और राहगीर ठाकुरदिया-बुंदेली मार्ग से गुजर रहे थे, तभी उन्हें जंगल के किनारे तीन तेंदुए नजर आए। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि तेंदुए सड़क के काफी करीब थे, जिससे वहां से गुजरने वाले लोग सहम गए। आमतौर पर इस इलाके में जंगली जानवरों की हलचल बनी रहती है, लेकिन एक साथ तीन तेंदुओं का दिखना क्षेत्र के लिए बड़ी घटना है। तेंदुओं की मौजूदगी की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम हरकत में आई। वन अमला तुरंत मौके पर पहुंचा और स्थिति का जायजा लिया। विभाग ने सुरक्षा के लिहाज से पूरे इलाके की निगरानी बढ़ा दी है।

वन विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों को अकेले जंगल की ओर न जाने और सतर्क रहने की सलाह दी है। विशेष रूप से बच्चों और मवेशियों को सुरक्षित रखने के लिए मुनादी कराई जा रही है। वन कर्मियों द्वारा ग्रामीणों को समझाइश दी जा रही है कि वे पैनिक न करें, बल्कि सुरक्षा नियमों का पालन करें।

### दहशत में ग्रामीण आवाजाही प्रभावित

ठाकुरदिया और बुंदेली मार्ग मुख्य रूप से ग्रामीणों की आवाजाही का प्रमुख रास्ता है। तीन तेंदुओं के एक साथ दिखने से किसान अपने खेतों में जाने से कतरा रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि जब तक वन विभाग तेंदुओं को सुरक्षित वापस जंगल के गहरे हिस्से में नहीं खदेड़ देता, तब तक उनका डर बना रहेगा।

# अवैध महुआ शराब बनाने वालों पर पुलिस का शिकंजा, तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में अवैध गतिविधियों और नशे के कारोबार पर लगाम कसने के लिए पुलिस लगातार सक्रिय है। इसी कड़ी में एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स और थाना सांकरा पुलिस की संयुक्त टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से महुआ शराब बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में बनी हुई शराब जब्त की है और तीन लोगों को हिरासत में लिया है।

पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि ग्राम सागुनढाप कोड़ाडीपा के पास सौरखार नामक स्थान पर कुछ लोग चोरी-छिपे अवैध रूप से महुआ शराब बनाने का काम कर रहे हैं। इस सूचना की गंभीरता को देखते हुए सांकरा पुलिस और एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स की एक संयुक्त टीम का गठन किया गया। शुक्रवार, 13 फरवरी की शाम करीब 5 बजे पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर दबिश दी। घेराबंदी कर पुलिस ने मौके से तीन व्यक्तियों को रंगे हाथों शराब बनाते हुए पकड़ा।

तलाशी के दौरान पुलिस को घटना



स्थल से 45 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद हुई। जब्त की गई इस अवैध शराब की कुल बाजार कीमत लगभग 9,000 रुपये आंकी गई है। पुलिस ने शराब के साथ-साथ इसे बनाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले अन्य उपकरणों को भी जब्त कर लिया है।

### गिरफ्तार आरोपियों की पहचान

पकड़े गए तीनों आरोपी एक ही क्षेत्र के रहने वाले हैं। जिनके नाम सार्तिक जमींदार (50 साल) पिता समारु, देवेंद्र कुमार जमींदार (26 साल) पिता शिवचरण जमींदार, श्रीकांत जमींदार (19 साल) पिता कार्तिक जमींदार हैं। ये तीनों आरोपी कोड़ाडीपा, थाना सांकरा के निवासी हैं।

पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। सांकरा पुलिस द्वारा मामले की आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। जिला पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध शराब की बिक्री या निर्माण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आने वाले दिनों में भी इस तरह के अभियान जारी रहेंगे।

## शहर एवं क्षेत्र के शिवालयों में दिनभर होंगे विविध आयोजन

# महाशिवरात्रि पर्व आज, उमड़ेगा श्रद्धा का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

आज पूरा देश देवाधिदेव महादेव और माता पार्वती के पावन मिलन का पर्व महाशिवरात्रि श्रद्धा और



उल्लास के साथ मना रहा है। जिले में भी सुबह से ही शिवालयों में हर-हर महादेव के जयघोष गूंजने वाले हैं। इस वर्ष की शिवरात्रि विशेष है, क्योंकि ज्योतिषीय गणना के अनुसार आज एक साथ पांच महायोग बन रहे हैं, जो इस दिन के महत्व को कई गुना बढ़ा रहे हैं।

पंचांग के अनुसार, फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि आज यानी 15 फरवरी को शाम 5:04 बजे से प्रारंभ हो रही है। भगवान शिव की विशेष निशिता काल पूजा आज रात ही संपन्न होगी, जिसके कारण जिले भर के शिव मंदिरों में विशेष तैयारी की गई है। ग्रहों की स्थिति इस बार अत्यंत कल्याणकारी है। इस महाशिवरात्रि पर आकाश मंडल में ग्रहों की अद्भुत जुगलबंदी देखने को मिल रही है। चतुर्ग्रही योग, कुंभ राशि में सूर्य, बुध, शुक्र और राहु की मौजूदगी। बुधादित्य व लक्ष्मी नारायण योग, व्यापार और समृद्धि के लिए शुभ। रूचक राजयोग, मंगल के अपनी उच्च राशि मकर में होने से निर्मित। सर्वार्थ सिद्धि योग, सुबह 7 बजे से शाम 7:48 बजे तक, जो शुभ कार्यों के लिए सर्वश्रेष्ठ है। नवपंचम राजयोग, गुरु और अन्य ग्रहों के तालमेल से बन रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि इन योगों के प्रभाव से मकर, कुंभ और मिथुन राशि के जातकों को विशेष लाभ मिलेगा।

### प्रमुख मंदिरों में उमड़ेगा भक्तों का रेला

जिले के प्रमुख शिव मंदिरों, जैसे सिरपुर के गंधेश्वर महादेव, बम्हनी के बम्हनेश्वर नाथ, कनेकेरा के कनेश्वर महादेव, खल्लारी और बागबाहरा के प्राचीन शिवालयों में भक्तों का भारी सैलाब उमड़ने की उम्मीद है। प्रशासन ने सुरक्षा और दर्शन की सुगम व्यवस्था के लिए कड़े इंतजाम किए हैं।

### पूजा और अभिषेक का फल

मान्यता है कि महाशिवरात्रि पर व्रत रखने और रात्रि जागरण करने से जीवन के सभी कष्ट दूर होते हैं। भक्त आज शिवलिंग पर जल, दूध, घी, शहद और पंचामृत से अभिषेक कर रहे हैं। बेलपत्र, धतूरा और आक के फूल अर्पित कर महादेव को प्रसन्न किया जा रहा है। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि आज के दुर्लभ संयोग में की गई आराधना से न केवल मनोकामनाएं पूर्ण होंगी, बल्कि जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी होगा।

# जुआ खेलते 5 आरोपी गिरफ्तार, ढाई लाख से अधिक का सामान बरामद

**महासमुंद**। जिले में अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। शनिवार को थाना तुमगांव पुलिस ने ग्राम अमावस के पास दबिश देकर जुआ खेल रहे पांच व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से नकदी, मोबाइल और वाहन समेत कुल 2,52,370 रुपए की सामग्री जब्त किया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि ग्राम अमावस के कानून बाहरा खार क्षेत्र में कुछ लोग ताश के पत्तों पर पैसों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने घेराबंदी की और मौके पर पहुंचकर आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से नगद रकम 32,370 रुपए, मोबाइल 05 नग एंड्राइड फोन कीमत लगभग 55,000 रुपए, मोटरसाइकिल 03 नग कीमत लगभग 1,65,000 रुपए व ताश पत्ती जब्त किया गया।

### पांच आरोपियों हुई गिरफ्तारी

जितेंद्र पुरैना (35 वर्ष) तुमगांव, महासमुंद, परमानंद साहू (50 वर्ष) समोदा जिला रायपुर, रविंद्र पुरैना (27 वर्ष) तुमगांव महासमुंद, किशन कुमार साहू (40 वर्ष)



तुमगांव महासमुंद, बिसेसर गायकवाड़ (49 वर्ष) ग्राम कांपा महासमुंद । पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि जिले में जुआ, सट्टा और अन्य अवैध कार्यों पर पुलिस की निगरानी लगातार जारी रहेगी।

## खबर संक्षेप

### शहर में दो दिवसीय वार्षिक सत्संग 18 से

**महासमुंद।** रायपुर रोड स्थित कबीर मंदिर में दो दिवसीय वार्षिक सत्संग समारोह का आयोजन 18 एवं 19 फरवरी को किया गया है। जानकारी देते हुए कबीर मंदिर के व्यवस्थापक जितेंद्र साहेब ने बताया कि मुख्य वक्ता के रूप में कबीर निर्णय मंदिर बुरहानपुर मध्य प्रदेश के अमोही साहेब व कबीर आश्रम ढेठा के बलवान साहेब अपनी संत मंडली के साथ पधार रहे हैं। प्रतिदिन सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक बीजक पाठ, संध्या वंदन, भजन प्रवचन होगा। 19 फरवरी को दोपहर 2:30 बजे महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा।

### महर्षि विद्या मंदिर मचेवा में हुआ विदाई समारोह

**महासमुंद।** महर्षि विद्या मंदिर मचेवा में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। पश्चात छात्र-छात्राओं ने अपने विद्यालय में बिताए हुए पल को साझा किया। विद्यालय के प्राचार्य आरके तिवारी ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को लक्ष्य के प्रति समर्पित रहकर अध्ययन करने तथा उत्कृष्ट अंक अर्जित करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को सफलता का मंत्र बताते हुए कहा कि निरंतर अध्ययन का कोई विकल्प नहीं होता। परीक्षा कक्षा में मन को शांत रखकर आत्मविश्वास के साथ प्रश्नों का समाधान करना ही सफलता की कुंजी है। व्याख्याता नंद कुमार साहू ने कहा कि सफलता एक दिन की मेहनत का परिणाम नहीं होती बल्कि, निरंतर परिश्रम और अनुशासन से प्राप्त होती हैं। समारोह में कक्षा ग्यारहवीं के छात्र-छात्राओं द्वारा 12वीं के छात्र-छात्राओं के विद्यालय में अंतिम वर्ष पूर्ण होने पर उन्हें उपहार भेंट किया गया। कार्यक्रम में संस्था के शिक्षकगण अर्चना गोतमारे, रेखा तिवारी, ऋतु द्विवेदी, खुशबू कुलदीप, मनीषा अग्रवाल, गोविंद ठाकुर, रत्नेश तिवारी, नीलेश तिवारी, आरती मिश्रा, पम्मी यादव, दुर्गेश्वरी साहू, किरण पंकज, दीपमला, नंद कुमार साहू उपस्थित थे। सर्वप्रथम मां सरस्वती के प्रतिमा में पूजन अर्चन, माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विद्यालय के छात्रों द्वारा शिक्षक शिक्षिकाओं का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। वहीं कक्षा 11वीं की छात्रों द्वारा कक्षा 12वीं की छात्र का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। कक्षा ग्यारहवीं के छात्र-छात्राओं द्वारा कार्यक्रम को रोचक बनाने के लिए विभिन्न प्रकार के मनोरंजक खेलों का आयोजन कराया गया। सभी छात्रों को जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

# महासमुंद पुलिस ने स्कूली बच्चों को नशे और मोबाइल के दुष्प्रभाव बताए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- जिले के विभिन्न विद्यालयों के बच्चों के बीच पहुंची पुलिस
- पुलिस ने बच्चों से कहा: नशे जैसी बुराईयों से बच्चे रहे दूर



पुलिस द्वारा जिले के विभिन्न विद्यालय एवं ग्रामीण अंचल में लोगों के बीच पहुंचकर पालक एवं मार्गदर्शक की भूमिका निभाती नजर आ रही है। बच्चों की सुरक्षा व इन्हें सही दिशा प्रदान करने के दायित्व के तहत महासमुंद पुलिस द्वारा जिले के विभिन्न स्कूलों के बच्चों के बीच जाकर उन्हे नशे जैसी बुराईयों से दूर रहने की सलाह दी जा रही है। नशा ना केवल स्वयं के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है बल्कि इसकी लत परिवार व समाज को भी नष्ट कर देता है। नशा बुराइयों का प्रथम सीढ़ी है और एक दिन जब यह लत बन जाती है तो अपराध की राह पकड़ लेता है। चूंकि, बच्चे समाज का आने वाला भविष्य है इसलिये बच्चों को इससे दूर व समझदार होना बेहद जरूरी है।

इसी प्रकार से मोबाईल की लत भी मानसिक स्वास्थ्य के लिये हानिकारक, इसलिये स्क्रीन टाईम मैनेजमेंट का नियम से पालन करें। मोबाइल की लत भी छोटे-बड़े सभी बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए नुकसान दायक है। बच्चों को स्क्रीन टाईम मैनेजमेंट का नियम से पालन करें। छात्र-छात्राओं को किसी भी प्रकार की समस्या होने पर चाइल्ड लाइन टोल फ्री नंबर 1098 में काल करने, अपने आसपास नशीले पदार्थों की बिक्री की सूचना मानस-1933 टोलफ्री नंबर पर कॉल कर देने व अंजान कॉल या व्यक्ति के फोन कॉल रिसीव नहीं करने व डॉयल 112 के बारे में भी बच्चों व लोगो को बताया जा रहा है।

# भगवान भोलेनाथ रथ पर सवार होकर दूल्हा के रूप में निकलेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

महाशिवरात्रि पर्व पर ब्लॉक कालोनी स्थित शिव मंदिर में रुद्राभिषेक के साथ शिव भजन कीर्तन कार्यक्रम रखा गया है। साथ ही अंचल में शिव बारात भी निकाली जाएगी। भगवान महादेव का प्रातःकाल की पवित्र बेला में स्मरण व स्नान करने के बाद व्रत के संकल्प के साथ भगवान शिव का पूजन अभिषेक होगा। आज के दिन शिवलिंग का बिल्वपत्र, आक, धतूरा, फूल, दूर्वा, अक्षत, भस्म आदि से शृंगार किया जाएगा। महाशिवरात्रि पर्व को लेकर शिव मंदिरों में विशेष तैयारियां की गई हैं। नगर सहित अंचल में कई स्थानों से सुबह से लेकर शाम तक भगवान नीलकंठ शिव की बारात निकलेगी। इसके बाद रात में शिव-पार्वती सात फेरे लेंगे। सुबह से देर रात्रि तक रस्मों के साथ धार्मिक अनुष्ठान होंगे।

मुख्य आकर्षण बड़े तालाब महादेव मंदिर से निकलने वाली बारात होगी। बड़े तालाब महादेव मंदिर सेवा समिति के तत्वावधान में भगवान भोलेनाथ की बारात धूमधाम से निकाली जाएगी, जिसमें



भगवान भोलेनाथ के रथ पर सवार होकर दूल्हा के रूप में निकलेंगे।

मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि शिव बारात में अर्धनारीश्वर स्वरूप में रत्नों से सजे बाबा भोलेनाथ, माता पार्वती द्वारा कैलाश पर्वत पर भगवान की पूजन एवं तपस्या, दिव्य राम दरबार, भगवान द्वारकाधीश, समुद्र मंथन एवं भोलेनाथ के द्वारा विषपान की झांकी आकर्षण का केंद्र रहेगी। शिव यात्रा का आयोजन को लेकर उत्साह चरम पर है। यात्रा में भगवान भोलेनाथ रथ पर सवार होकर भक्तों को दर्शन देने नगर भ्रमण पर निकलेंगे। शिव झांकी, डोल नगाड़ों और भगवा ध्वजों के साथ निकलेगी। शिव यात्रा में शिवभक्त भगवा पगड़ी पहनकर, डीजे भजनों, ढोल-नगाड़ों और केसरिया झंडों के साथ शिव झांकी के साथ नगर भ्रमण करेंगे। हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से वातावरण महाकाल भक्तिमय रहेगा। समिति के अनुसार हर वर्ष शिव यात्रा की सबसे बड़ी विशेषता यह रहती कि सभी सांस्कृतिक कार्यक्रम पूरी तरह स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए जाते हैं। स्थानीय प्रतिभाओं को मंच मिलेगा।

# शिक्षा को नई दिशा देने की पहल: मेधावी विद्यार्थियों को 3 माह का मानदेय देंगे सभापति प्रकाश

## फुलझर अंचल में प्रतिभाओं को मिलेगा विशेष प्रोत्साहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

जनपद पंचायत बसना के सभापति एवं क्षेत्र क्रमांक 21 अंकोरी के जनपद सदस्य प्रकाश सिन्हा ने शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय एवं प्रेरक पहल की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि जनपद क्षेत्र सहित पूरे फुलझर अंचल के किसी भी विद्यालय के छात्र-छात्राएं यदि कक्षा 10वीं या 12वीं की बोर्ड परीक्षा में प्रावीण्य सूची (मेरिट लिस्ट) में स्थान प्राप्त करते हैं, तो उन्हें व्यक्तिगत रूप से 3 माह का मानदेय प्रदान किया जाएगा।



प्रकाश सिन्हा ने कहा, ग्रामीण अंचल में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, आवश्यकता है उन्हें सही प्रोत्साहन और उचित मंच देने की। शिक्षा ही समाज और क्षेत्र के विकास की सबसे मजबूत नींव है। उन्होंने इसे केवल सम्मान की घोषणा नहीं, बल्कि शिक्षा के प्रति सकारात्मक और प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण तैयार करने की पहल बताया। साथ ही अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों को भावनात्मक सहयोग, अनुशासन और अध्ययन के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करें, ताकि वे अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकें। इस पहल से प्रेरित होकर अंकोरी विद्यालय के प्राचार्य यज्ञ राम सिदार ने भी घोषणा की कि विद्यालय के कक्षा 10वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राएं यदि मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करते हैं, तो उन्हें प्राचार्य की ओर से 10,000 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह कदम विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ाएगा तथा विद्यालय के शैक्षणिक परिणामों को नई ऊंचाई प्रदान करेगा।

# अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्यामाचरण की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गांधी कांग्रेस भवन में अविभाजित मध्यप्रदेश के तीन बार मुख्यमंत्री रहे और प्रखर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. पंडित श्यामाचरण शुक्ल की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गुरमीत चावला ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पंडित श्यामाचरण शुक्ल एक कुशल प्रशासक और दूरदर्शी राजनेता थे। छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के विकास के लिए उनके द्वारा किये गये कार्य, विशेषकर उन्हें हरित क्रांति को सफल बनाने, सिंचाई परियोजनाओं के विस्तार और ग्रामीण विद्युतीकरण के लिए कभी विस्मृत नहीं किया जा सकता। सभा को पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष खिलावन बघेल तथा वरिष्ठ नेता मनोजकांत साहू आदि ने भी



संबोधित कर श्यामाचरण शुक्ल के राजनीतिक तथा सामाजिक जीवन के विषय में जानकारी दी तथा महासमुंद के सांसद के रूप में किये गये कार्यों का स्मरण किया। श्रद्धांजलि सभा में प्रमुख रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर, मनोजकांत साहू, शहर कांग्रेस अध्यक्ष गुरमीत चावला, अन्नू चंद्राकर, खिलावन साहू, मंडल अध्यक्ष खिलावन बघेल, संजय शर्मा, कृष्णा चंद्राकर, जिला कोषाध्यक्ष निर्मल जैन, महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सोनम बंसोड़, पार्षद विक्की खान, पार्षद गौतम सिन्हा, पार्षद जय देवांगन, मिंदर चावला, सोमेश दवे, भरत ठाकुर, युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष अमन चंद्राकर, देवेश शर्मा, प्रदीप चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष हुलास गिरि गोस्वामी, अजय थवाईत, तबरेज खान, डॉ एजाज नकवी, गौरव चंद्राकर, मेहूल सूचक, ममता चंद्राकर, राजू साहू, लीलू साहू, अनुराग चंद्राकर, खेमराज ध्रुव, लोकेश चंदन साहू, दिनेश दुबे, बसंत चंद्राकर, तुलसीदास, राजू बुंदेला सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन दो मिनट का मौन रखकर और उनके बताए मार्ग पर चलने संकल्प लिया।

# सेजेस में मातृ-पितृ दिवस भावनात्मक एवं संस्कारपूर्ण वातावरण में हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

पीएमश्री सेजेस बसना के प्राथमिक विभाग में 14 फरवरी को मातृ-पितृ दिवस अत्यंत श्रद्धा, उत्साह एवं भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं के अनुरूप मनाया गया। कार्यक्रम प्राचार्य गिरिजा साहू के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन से की गई। स्वागत उद्बोधन में प्राचार्य ने कहा कि माता-पिता ही जीवन के प्रथम गुरु होते हैं। वे हमारे व्यक्तित्व, चरित्र एवं संस्कारों के निर्माता हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रतिदिन माता-पिता का आशीर्वाद लेने तथा उनका सम्मान करने का संकल्प दिलाया। नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने मातृ-पितृ भक्ति पर आधारित गीत, कविताएँ, लघुनाटिका एवं भाषण प्रस्तुत किए।

कुछ बच्चों ने अपने माता-पिता के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया, जिससे वातावरण अत्यंत भावुक एवं प्रेरणादायी हो गया। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को यह संदेश दिया गया कि माता-पिता का त्याग, परिश्रम और समर्पण ही उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव है। विद्यालय परिवार ने इस अवसर को संस्कार जागरण के रूप में मनाया। कार्यक्रम में भगवान श्रीराम के आदर्श पुत्र धर्म का उल्लेख करते हुए बताया गया कि उन्होंने पिता की आज्ञा



पालन के लिए राजसुख त्यागकर वनवास स्वीकार किया। श्रवण कुमार की कथा सुनाकर मातृ-पितृ सेवा की महिमा समझाई गई। देव ऋण एवं पितृ ऋण की अवधारणा पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया गया कि मनुष्य अपने जीवन में तीन प्रमुख ऋणों देव ऋण, ऋषि ऋण एवं पितृ ऋण का अधिकारी होता है। माता-पिता का ऋण सेवा, सम्मान एवं सदाचारपूर्ण जीवन जीकर ही चुकाया जा सकता है।

पूर्व प्राचार्य केके पुरोहित ने रामायण के विभिन्न प्रसंगों का उल्लेख करते हुए आदर्श पारिवारिक मूल्यों, कर्तव्यनिष्ठा एवं अनुशासन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आधुनिक समय में नैतिक मूल्यों के संरक्षण हेतु ऐसे आयोजनों की अत्यंत आवश्यकता है। परिवार ही समाज की आधारशिला है, और यदि परिवार सुदृढ़ होगा तो राष्ट्र स्वतः सशक्त बनेगा। कार्यक्रम में यह विशेष रूप से रेखांकित किया गया कि समाज में नैतिक मूल्यों का विकास, स्वच्छ वातावरण की स्थापना तथा अनुशासित जीवनशैली के लिए माता-पिता एवं बुजुर्गों का सम्मान अनिवार्य है।

विद्यार्थियों को घर, विद्यालय एवं समाज में स्वच्छता, अनुशासन और संस्कारों का पालन करने की प्रेरणा दी गई। इस सफल आयोजन में प्रधान पाठक एचआर साव, अर्पणा सोना, गिरजा वैष्णव, कमला पटेल, सुनील पटेल, मुकेश साहू, योगेश बढ़ाई, नवीन साव एवं श्रुति सामल सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सभी ने मिलकर कार्यक्रम को सुव्यवस्थित एवं प्रेरणादायी बनाया। कार्यक्रम के अंत में प्रधान पाठक एचआर साव द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

### अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में महासमुंद विकासखंड के विद्यार्थियों का किया गया सम्मान

**महासमुंद।** अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के अंतर्गत आयोजित परीक्षा में महासमुंद विकासखंड से कुल 3745 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। कक्षा पांचवी से महाविद्यालय स्तर तक कुल 9 स्तरों में आयोजित इस परीक्षा में 27 विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ब्लाक स्तर महासमुंद की प्रवीण्य सूची में स्थान प्राप्त किया। गायत्री मंदिर शक्ति पीठ में आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि रेखराज शर्मा डीएमसी समग्र शिक्षा, अध्यक्षता बोधराम साहू जिला समन्वयक एवं विशिष्ट अतिथि ललित मेश्राम द्वारा सभी प्रतिभावान विद्यार्थियों को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमुदाय ने विद्यार्थियों की उपलब्धि पर हर्ष जताया। प्रवीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में हेमेश विश्वकर्मा (शाप्राशा तुमगांव), कुमकुम साहू (सशिमं अछरीडीह), अरविंद जांगड़े (तुमगांव), हितेश्वर कुमार धीवर (तुमगांव), माही यादव (कौवाझर), अंश ढीढी (कौवाझर), वंदना महिलांग (कांपा), प्रिंस (पीढ़ी), जितेंद्र मेहर (शा श्रीराम), लोकेश्वर (घोड़ारी), विभा सेन (परसाडीह), खुशबू (पीढ़ी), जयकुमार नायक (खट्टा), हर्षित साहू (बेमचा), रीना टंडन (शाआ हिंदी माहासे स्कूल महासमुंद), टाकेश्वरी ध्रुव (तमोरा), चांदनी साहू (लाफिन खुर्द), विद्या साहू (परसदा), उर्वशी यादव (शाआ हिंदी माध्यम हासे स्कूल महासमुंद), खुशी देवांगन (बेलसोंडा), मानसी सिन्हा (तमोरा), मेघा साहू (खट्टी), पूनम चंद्राकर (बेमचा), समीक्षा चंद्राकर (शिशु संस्कार महासमुंद), वंश चंद्राकर (नवीन महाविद्यालय चिरको), लक्ष्मी साव (शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय) एवं प्रियंका साहू (शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको) शामिल हैं। शिक्षक जितेंद्र कुमार साहू ने बताया विशेष रूप से तुमगांव जोन से 10 विद्यार्थियों हेमेश, अरविंद, हितेश्वर, माही, अंश, प्रिंस, वंदना, खुशबू, विभा एवं लोकेश्वर ने प्रवीण्य सूची में स्थान प्राप्त कर तुमगांव जोन का गौरव बढ़ाया।

# कथा में भागवत के मूल तत्व से अवगत हुए भक्त





**महासमुंद।** ग्राम बेमचा में दाऊ स्व. गुलाब सिंह चंद्राकर परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा के द्वितीय दिवस कथा वाचक दक्षिण कौशल पीठाधीश्वर स्वामी राजीव लोचन महाराज ने भागवत के मूल तत्व से भक्तों को अवगत कराया। महाराज ने बताया कि भगवान भाव के भूखे हैं, भगवान को अपने मन से पूजो। शबरी की भक्ति में इतनी शक्ति थी कि भगवान स्वयं उनके घर चलकर आएं। उन्होंने संत माता कर्मा का उल्लेख करते हुए बताया कि माता कर्मा ने जगत के पालन हार को अपने हाथों से खिचड़ी खिलाया। यह सब निस्वार्थ प्रेम व निश्छल भक्ति का ही परिणाम है। महाराज ने वर्तमान में लोगों के रहन सहन, आडंबर के बीच पूजा पाठ को व्यर्थ बताते हुए भगवान की निश्छल भक्ति का मार्ग बताया। उन्होंने भगवान को प्रकाश पुंज बताते हुए कहा कि मन बड़ी चंचल है। मन को यदि हम नियंत्रित कर लें और उसे भगवान के ध्यान में लगाए तो हमारे भीतर ही हमे भगवान की प्राप्ति होगी। कथा श्रवण करने आयोजक द्वारिका प्रसाद चंद्राकर-जानकी चंद्राकर, रमा चंद्राकर, संगीता-राहुल चंद्राकर, निधि हर्ष चंद्राकर, आकांक्षा-अनमोल चंद्राकर सहित सैकड़ों की संख्या में भागवत प्रेमी भक्त उपस्थित थे। उक्त आयोजन प्रतिदिन 2 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित किया जा रहा है, जो 20 फरवरी 2026 तक चलेगा।



### आंगनबाड़ी केंद्र में पार्षद भाऊराम ने किया सुपोषण चौपाल का शुभारंभ

**महासमुंद।** शहर के वार्ड क्रमांक 25 के आंगनबाड़ी केंद्र में सुपोषण चौपाल का आयोजन किया गया। वार्ड पार्षद भाऊ राम साहू ने बच्चों का वजन कराकर पोषण आहार वितरण किया। उन्होंने कहा कि सही पोषण से ही बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास होता है। बच्चों को सही पोषण देना माता पिता का दायित्व है। उन्होंने कुपोषण मुक्ति के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों को बताया। तथा विभिन्न योजनाओं से पालकों को अवगत कराया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रेणुका निषाद, अंजू प्रजापति, ललिता नंदे, आंगनबाड़ी सहायिका मनीशा साहू, सुपरवाइजर कुंती यादव, आंगनवाड़ी में आने वाले बच्चे प्रांशु माथुर, प्रियांशु पटेल, हर्ष कंवर, ओजस्वी कंवर, रेहंसी साहू, हिमांक साहू, डेविस साहू, तनिष्क साहू, तनु प्रिया साहू, विवेक पटेल, पारुल ध्रुव, घनिष्ठा ध्रुव, निर्वेद साहू, चुनिका साहू, चानसी पटेल, पालक गण यशोदा साहू, नम्रता पटेल, पूजा साहू, नीलू साहू आदि उपस्थित रहे।

# वृंदावन विद्यालय में कक्षा 10वीं के छात्रों को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय वृंदावन विद्यालय इंग्लिश मीडियम हाईस्कूल में कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कक्षा 9वीं के छात्रों द्वारा किया गया, जिसमें सीनियर छात्रों को भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम के शुभारंभ में संचालक एमआर विश्वनाथन, संचालिका सुजाता विश्वनाथन, डायरेक्टर विनीत विश्वनाथन, उपप्राचार्य इंदु मिश्रा, वरिष्ठ शिक्षिका उर्मिला अग्निहोत्री, अमृता चंद्राकर व समस्त शिक्षकगणों द्वारा मां शारदा व भगवान कृष्ण की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजन किया गया।

विद्यालय के संचालक, संचालिका, डायरेक्टर एवं उपप्राचार्य का स्वागत कक्षा 10वीं के छात्रों ने तिलक लगाकर एवं पुष्प गुच्छ भेंट देकर किया। तत्पश्चात स्वागत की अगली कड़ी में कक्षा 9वीं के छात्रों ने अपने सीनियर छात्रों का स्वागत तिलक लगाकर, पुष्प गुच्छ व बैच भेंट देकर बारी-बारी से किया। छात्रों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों व मनोरंजक



खेलों ने पूरे माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया।

शाला नायक ओजस घाड़गे ने स्कूल में बिताए गए पलों को याद किया। विद्यालय से मिली शिक्षा और संस्कार को ही भविष्य की सफलता की मजबूत नीव बतलाया। शाला नायिका योगिता यादव ने स्कूल के सभी शिक्षको और सहपाठियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए शिक्षक को जीवन में ज्योति के रूप में बताया। इसी क्रम में सभी छात्रों ने विद्यालय में बिताये गए पल साझा किय। कक्षा शिक्षिका रिंकी कुर्रे ने अपने छात्रों को लक्ष्य निर्धारित कर परिश्रम करने की सलाह दी।

संचालक एमआर विश्वनाथन ने अपने उद्बोधन में छात्रों को अनुशासन, ईमानदारी और कठिन परिश्रम को जीवन का मूल मंत्र बताया। संचालिका सुजाता विश्वनाथन ने जीवन में आए संघर्षों से स्वयं लड़ने की सीख देते कहा कि सही मार्गदर्शन व दिशा निर्देश के द्वारा जीवन में लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। डायरेक्टर विनीत विश्वनाथन ने अच्छे आचरण रखने व जीवन में उनका अनुसरण करने प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान कक्षा 9वी के छात्रों ने कक्षा 10वी के छात्रों को स्कूल की ओर से स्मृति भेंट की। संचालक, संचालिका व डायरेक्टर ने इंटैक नई दिल्ली में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कक्षा 10वी के छात्र नमन साहू, अमन यादव व प्रभारी शिक्षक प्रवीण साहू को स्मृति चिन्ह भेंटकर किया। कार्यक्रम में मिस फेयरवेल प्रियांशी चंद्राकर व मिस्टर फेयरवेल ओजस रहे। कार्यक्रम के अंत में छात्रा ख्याति बंजारे ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन छात्रा मान्यता साहू व प्रियंका साहू ने किया।



### सोहेल बने जिला युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष विधायक द्वारिकाधीश से की मुलाकात

**बागबाहरा।** युवा कांग्रेस के सक्रिय नेता सोहेल मेमन को जिला युवा कांग्रेस का उपाध्यक्ष बनाए जाने पर उन्होंने कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव से मुलाकात की। इस अवसर पर फिरोज मेमन एवं रमेश साहू भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि यह नियुक्ति भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी मनीष शर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु चिब, छत्तीसगढ़ प्रभारी अमित पठानिया एवं सहप्रभारी डॉ. मोनिका मंडरे, प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा, जिला सह प्रभारी सतीश ठाकुर के निर्देशानुसार जिला प्रभारी भूपेंद्र विक्रांत साहू एवं जिलाध्यक्ष अमन चंद्राकर द्वारा की गई है। मेमन ने कहा कि संगठन द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी को वे पूरी निष्ठा के साथ निभाएंगे तथा युवाओं को संगठन से जोड़कर पार्टी को और सशक्त बनाने का कार्य करेंगे।

किडनी डायलिसिस उपलब्ध | लेटेस्ट 96 स्लाइस सी. टी. स्कैन मशीन | सर्वसुविधायुक्त ICU & NICU | डिजिटल एक्स-रे, सोनोग्राफी की सुविधा | सभी प्रमुख ऑपरेशन की सुविधा

डॉ. संदीप सराफ अग्रवाल
MS (Orthopedics), FIJR, FESS, FIAS
हड्डी, जोड़ प्रत्यारोपण, स्पाइन सर्जरी एवं आर्थोस्कोपी विशेषज्ञ
एक्सीडेंट, फ्रैक्चर, जोड़ो के दर्द,
कूल्हा एवं घुटना प्रत्यारोपण,
स्पाइन (रीढ़ की हड्डी) संबंधित परेशानी,
स्पोर्ट्स इंजुरी, लिगामेंट हेतु दूरबीन पद्धति,
आर्थोस्कोपी ये सभी इलाज और ऑपरेशन
प्रतिदिन उपलब्ध

AGRAWAL NURSING HOME
अग्रवाल नर्सिंग होम
बसना, जिला-महासमुंद (छ.ग.)
84618-11000, 77708-68473, 77730-86100
बीजू कार्ड/आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज

डॉ. गंगाधर आत्राम
MBBS, MS, FMAS
जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
हर्निया, गॉल ब्लैडर पथरी, ओवेरियन सिस्ट, पेट के ट्यूमर, सिस्ट के ऑपरेशन, सिजेरियन डिलीवरी
पथरी एवं मूत्र रोग, प्रोस्टेट, स्ट्रिक्चर के ऑपरेशन
थायराइड, कान के पर्दे के छेद, Tympanoplasty
पाइल्स, फिशर, स्तन में गठान, हाइड्रोसील ऑपरेशन
प्रतिदिन उपलब्ध

**खबर संक्षेप**

## होली से पहले किसानों को एकमुश्त मिलेगा धान का पैसाः तुषार



**महासमुंद।** राष्ट्रीय तेली कर्मा सेना के संस्थापक व भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अशवंत तुषार साहू ने कहा कि होली से पहले किसानों को एकमुश्त धान का पैसा मिलेगा। उन्होंने कहा कि 11 फरवरी को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में किसानों के हित में निर्णय लिया गया है। राज्य में समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को 3100 रुपए प्रति क्विंटल के मान से अंतर की राशि होली पर्व से पहले एकमुश्त भुगतान किया जाएगा। आगे कहा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में 25 लाख 24 हजार 339 किसानों से 141.04 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। कृषक उन्नति योजना के तहत छत्तीसगढ़ सरकार धान के मूल्य के अंतर की राशि का भुगतान करेगी। लगभग 10 हजार करोड़ रुपए का भुगतान होली पर्व से पहले एकमुश्त किया जाएगा। बता दें कि पिछले 2 सालों में कृषक उन्नति योजना के तहत राज्य के किसानों को धान के मूल्य के अंतर के रूप में 25 हजार करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान किया जा चुका है। इस साल होली से पहले किसानों को 10 हजार करोड़ रुपए का भुगतान होने से यह राशि बढ़कर 35 हजार करोड़ रुपए हो जाएगी।

# महाविद्यालय गुरुकुल आश्रम आमसेना का 59वां वार्षिक महोत्सव संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

महाविद्यालय गुरुकुल आश्रम

- महाविद्यालय गुरुकुल आश्रम आमसेना का 59वां वार्षिक महोत्सव 7, 8 एवं 9 फरवरी 2026 को आयोजित हुआ

आमसेना खरियार रोड जिला नुआपड़ा स्थित का 59वां वार्षिक महोत्सव 7, 8 एवं 9 फरवरी 2026 को आयोजित हुआ। 27 जनवरी से यजुर्वेद पवित्र मंत्रों से दोनों समय यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसका पूर्णाहुति 9 फरवरी को 10 बजे हजारों श्रद्धालुओं के मध्य हुआ। विशेष कार्यक्रम 7 फरवरी प्रथम दिवस यज्ञ के पश्चात ओम ध्वज फहराए। स्वामी देवव्रत अध्यक्ष सार्वदेशिक आर्य वीर दल दिल्ली, कैप्टन रूद्र सेन आर्य (कुलपति गुरुकुल आश्रम आमसेना), पूर्व सांसद बसंत कुमार पंडा एवं गुरुकुल के आचार्य स्वामी व्रतानंद सरस्वती के सानिध्य में सैकड़ो ब्रह्मचारियों एवं आर्य जनता की उपस्थिति में राष्ट्रीय प्रार्थना ध्वज गीत के साथ शुभारंभ हुआ। द्वितीय सत्र का शुभारंभ सभी अतिथियों का स्वागत संस्कार के बाद प्रसिद्ध भजन सम्राट आर्य जगत के पंडित कंचन कुमार के भजन सभी को



मंत्र मुग्ध कर लिया। इस अवसर पर बसंत कुमार पंडा, स्वामी देवव्रत, स्वामी सुधानंद, राव महिपाल आर्य, डॉ शिव प्रसाद बेहरा, आचार्य वीरेंद्र कुमार, कैप्टन रूद्र सेन आर्य का उद्बोधन एवं (1) मेरे पिता स्वामी श्रद्धानंद पुस्तक स्मारिका का विमोचन, (2) नित्य कर्म विधि, (3) दैनिक उपासना विधि, (4) गल्पमाला भाग 1, (5) भाग 2 गल्पमाला के बाद गुरुकुल के संस्थापक स्वामी धर्मानंद का आशीष वचन द्वितीय सत्र में भजन स्वामी आत्मानंद, स्वामी विशुद्धानंद, स्वामी भागवतानंद के उद्बोधन, रात्रिकालीन दोनों दिन गुरुकुल के ब्रह्मचारी एवं ब्रह्मचारिणियों का वाद-विवाद उद्बोधन गीत लघुनाटिका आदि से समाबांध दिये दर्शक तालिया से गूंजायमान करते रहे।

द्वितीय दिवस को एमडीएच सर्वे भवंतु सुखिनः के अध्यक्ष जितेन्द्र भाटिया का जोरदार स्वागत एवं उद्बोधन हुआ। सभी ने गुरुकुल द्वारा संचालित संस्थाओं द्वारा सामाजिक सेवा कार्य की सभी ने भूरि-भूरि प्रशंसा की गई। डॉ प्रियंका आचार्य कन्या गुरुकुल भुमावर (राजस्थान) का गुरुकुल के पूर्व प्रधान चौधरी मित्र सेन आर्य के पुण्य स्मृति में 21000 रुपये, साल, स्मृति चिन्ह के साथ सम्मान किया गया और उनका जोशीला उद्बोधन से सभी में उत्साह की लहर होने लगी तृतीय सत्र व्यायाम सम्मेलन 4 बजे से 6 बजे तक 2 घंटे जितेंद्र भाटिया, स्वामी देवव्रत द्वारा सलामी एवं सम्मेलन का पूरे समय बैठकर अद्भूत दृश्य का साक्षी बने हजारों के उपस्थिति में भाला, तलवार, चाकू, लाठी आसन, डोरी मल्लखंब, लकड़ी मल्लखंब, मोदगर, सरिया मोड़ना, पत्थर तोड़ना, थाली फाड़ना, बुलेट (बाइक) सीने पर चढ़वाना, धनुर्विद्या दर्पण पर देखकर निशाना लगाना, आंख में पट्टी बांधकर पढ़ लेना आदि सभी को भाव विभोर कर दिया।

अंतिम दिवस में सभी विद्वानों का उद्बोधन भजन और सभी शताधिक आये ब्रह्मचारी, वानप्रस्थि, सन्यासी विद्वानों का विदाई और स्वामी धर्मानंद का आशीर्वाद वचन एवं सभी कार्यकर्ता, अध्यापक, आचार्य को शुभकामना दिए। कार्यक्रम का संचालन आचार्य वीरेंद्र कुमार आर्य, कोमल एवं आचार्य डॉ कुंजदेव मनीषी ने किया। कार्यक्रम में आमसेना शाखा के अतिरिक्त गुरुकुल नरसिंगनाथ एवं कन्या गुरुकुल घुचापाली से से आचार्या शारदा एवं आचार्य नरदेव की हॉलैंड से नवप्रभात गुरुकुल नुआपाली से आचार्य बृहस्पति एवं आचार्य पुरंदर अपने ब्रह्मचारियों एवं ब्रह्मचारिणियों के दल के साथ आकर पूरे कार्यक्रम में सहभागी बने। गुरुकुल के सभी कार्यकर्ता ब्रह्मचारियों ने तन-मन से सभी का सेवा किया। इस अवसर पर असम, नागालैंड, आंध्र प्रदेश, ओडिशा, मध्य प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, झारखंड, राजस्थान सभी आगंतुक महानुभावों का मीडिया पत्रकार उपस्थित होकर तीनों दिन का अपने पत्र-पत्रिकाओं में स्थान देकर सफल बनाने में सहयोग दिया। सभी का कोटि-कोटि आभार।



## चिरायु योजना से निःशुल्क हृदय सर्जरीः पंडरीपानी की 9 वर्षीय बालिका को मिला नया जीवन

**पिथौरा (ग्रामीण)।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के अंतर्गत चिरायु दल की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से पिथौरा विकासखंड के वनांचल ग्राम पंडरीपानी की 9 वर्षीय बालिका को नया जीवन मिला है। जानकारी के अनुसार शासकीय प्राथमिक शाला पंडरीपानी में आयोजित चिरायु स्वास्थ्य जांच शिविर के दौरान आलिया बुडेक पिता रमेश बुडेक, माता अंजलि बुडेक के स्वास्थ्य परीक्षण में हृदय रोग की आशंका पाई गई। जिसके बाद बालिका को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिथौरा में परीक्षण उपरांत रायपुर रेफर किया गया। जहां सफल ऑपरेशन के बाद बालिका पूर्ण रूप से स्वस्थ है।



## मातृ-पितृ दिवस पर न्योता भोज व खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन

**पिथौरा (ग्रामीण)।** शासकीय उच्च प्राथमिक शाला कसहीबाहरा में मातृ-पितृ दिवस पर विशेष न्योता भोज एवं विविध खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। संस्था प्रमुख हेमंत खुटे ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि माता-पिता हमारे प्रथम गुरु होते हैं। जीवन की हर सफलता में उनके आशीर्वाद, संस्कार और मार्गदर्शन की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे सदैव माता-पिता के प्रति सम्मान, कृतज्ञता और सेवा भाव रखें तथा अनुशासन, परिश्रम और नैतिक मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात करें। कार्यक्रम के अंतर्गत डार्ट गेम, गेंद डुबाओ, स्टंप थ्रो एवं सुलेख प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सभी स्पर्धाओं में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विजेता प्रतिभागियों को आकर्षक गिफ्ट पैक प्रदान कर सम्मानित किया गया।



## राजेश शर्मा को दी श्रध्दांजलि

**महासमुंद।** साप्ताहिक समाचार पत्र राष्ट्रीय अभियोजक के संपादक स्व. राजेश शर्मा के निधन पर आयोजित एक शोक सभा में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान उनके भाई नरेंद्र शर्मा, सुपुत्र ब्रजेश शर्मा, सुपुत्रियां नीलम शर्मा एवं प्रतिभा शर्मा और कुमार यादव व सतीश सिदार सहित परिवारजन मौजूद रहे। सभी उपस्थितों ने भारी मन से उन्हें अपनी अंतिम विदाई दी। साथ ही यह संकल्प लिया कि उनके द्वारा स्थापित जीवन मूल्यों को सदैव जीवित रखेंगे।

# मुख्यमंत्री ने किया कुंभकार समाज के दो दिवसीय महाअधिवेशन का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ कुंभकार समाज के दो दिवसीय राज्य स्तरीय महाअधिवेशन का शुभारंभ नवागांव अभनपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के हाथों हुआ। इस अवसर पर कुंभकार समाज की परंपरागत कला, संस्कृति और सामाजिक एकता का जीवंत प्रदर्शन देखने को मिला। सीएम साय ने समाज के विकास के लिए सर्व सुविधायुक्त भवन निर्माण के लिए 30 लाख रुपए देने की घोषणा भी की।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री साय को प्रतीक चिन्ह के रूप में कुम्हार समाज की कला एवं संस्कृति को दर्शाता हुआ चाक गढ़ता कुम्हार भेंट किया गया।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ कुंभकार समाज के महाअधिवेशन, युवक-युवती परिचय सम्मेलन और प्रतिभा सम्मान समारोह को सराहा।



उन्होंनें कहा कि यह सम्मेलन समाज के बेटा-बेटियों को योग्य जीवन-साथी चुनने का सशक्त मंच प्रदान करता है। मुख्यमंत्री ने समाजजनों से अपील की कि वे अपने समाज के प्रत्येक बेटा-बेटी को शिक्षा से जोड़ें। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल नौकरी पाने का माध्यम नहीं है, बल्कि एक सफल, संस्कारित और जिम्मेदार मानव जीवन जीने के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता सर्वांगीण विकास, सामाजिक समरसता और आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ का निर्माण है, जिसमें समाज के हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। महाअधिवेशन के अंतर्गत आयोजित युवक-युवती परिचय सम्मेलन में समाज के लगभग 300 युवक-युवतियों का पंजीयन किया गया। साथ ही समाज की आंतरिक गतिविधियों से संबंधित बैठकों का आयोजन भी किया गया, जिनमें सामाजिक संगठन, शिक्षा, रोजगार, कला संरक्षण और भविष्य की योजनाओं पर विमर्श हुआ। कार्यक्रम में विधायक इंद्रकुमार साहू, छत्तीसगढ़ कुंभकार समाज के प्रदेश अध्यक्ष नंदकुमार चक्रधारी, उपाध्यक्ष आत्माराम प्रजापति, महामंत्री हेमलाल कौशिक, लुमेश कुमार चक्रधारी, भूषण चक्रधारी सहित समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

# देव संस्कृति विद्यालय में हुआ मातृ-पितृ पूजन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

देव संस्कृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मातृ-पितृ पूजन दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के प्राचार्य कुबेर प्रकाश गिरी, प्रफुल्ल भाई, थमेश्वर साहू के द्वारा मां सरस्वती के छाया चित्रों पर पुष्पमाला एवं द्वीप प्रज्वलित कर किया गया।

सर्वप्रथम प्रफुल्ल ने अपने वैदिक मंत्र उच्चारण से पूजन किया। जिसमें विद्यालय के बच्चों ने अपने गुरुओं का पूजन, विधि विधान से करते हुए शिक्षक एवं बच्चे एक दूसरे को फूलों की माला पहनाकर अपने गुरुओं का आशीर्वाद लिया।

विद्यालय के गणित विषय के व्याख्याता दिनेश प्रताप सिंह ठाकुर ने मातृ-पितृ पूजन दिवस पर हर बात भूलो, मगर मां-बाप न भूलना गीत गाकर कार्यक्रम में आए अतिथियों एवं छात्र-छात्राओं का मन मोह लिया। प्रफुल्ल भाई ने अपने आशीर्वाद वचन में कहा कि यह दिवस हर साल 14 फरवरी को मनाया जाता है। यह माता और पिता के लिए संस्कृत शब्दों पर आधारित है। मातृ पितृ पूजन दिवस भारतीय संस्कृति में माता-पिता के प्रति आभार, प्रेम और सम्मान प्रकट करने का एक पवित्र अवसर है। उनका आशीर्वाद प्राप्त करते हैं, जिससे परिवार में एकता और प्यार बढ़ता है। भारतीय संस्कृति में मातृदेवी भवः, पितृदेवो भवः का भाव प्रमुख है। यह दिवस माता-पिता को ईश्वर के समान मानकर, उन्हें पूजने की शिक्षा देता



संस्था के प्राचार्य कुबेर प्रकाश गिरी ने अपनी उद्बोधन में बच्चों को आशीर्वाद वचन में कहा कि इस दिन बच्चे माता-पिता की आरती उतारते हैं, तिलक लगाते हैं और है। पाश्चात्य प्रभाव की बजाय, यह युवाओं को अपनी संस्कृति और संस्कारों की ओर लौटने के लिए प्रेरित करता हैं। यह दिन हमें माता-पिता के जीवन भर किए गए मौन बलिदानों की प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर देता हैं। यह पहल भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने और पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव को कम करने के लिए शुरू की गई थी।

इस अवसर पर कुबेर प्रकाश गिरी (प्राचार्य), शशि प्रभा थिटे (अध्यक्ष), दूषण लाल साहू, नंद कुमार साहू, कृष्ण कुमार साहू, दिनेश प्रताप ठाकुर, जितेंद्र चक्रधारी, लोकेश चंद्राकर, ऋषभ साहू, अनिता पिल्लई (प्राथमिक प्रभारी), गरिमा साहू, बसंती यादव, पम्मी यादव, किरण विश्वकर्मा, जयश्री श्रीवास्तव, ललिता सिन्हा, गायत्री सेन, जानकी साहू, तीक्षा चंद्राकर, कनिष्का चंद्राकर, भूमिका चंद्राकर, पुष्पा भारती चंद्राकर, संजू पारेश्वर, रामेश्वरी साहू, लता निषाद, सुनीता साहू, लक्ष्मी कामेश्वरी बाग, गौरी साहू, गायत्री साहू, लक्ष्मी साहू ममता प्रजापति, पूजा ठाकुर, रेखराम पटेल आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी शिक्षक कृष्ण कुमार साहू ने दी है।

# खेल में अनुशासन व खेल भावना आवश्यक : नपाध्यक्ष निखिलकांत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ग्राम खट्टी में युवा समिति द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका महासमुंद के अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। साहू ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर स्पर्धा शुरू कराया। उन्होंने युवा खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल कोई भी हो उसमें अनुशासन और खेल भावना आवश्यक है। अनुशासन में रहकर खेलने वाला खिलाड़ी ही एक बेहतर खिलाड़ी होता है। जीत से अति उत्साहित तथा हार से निराश न होकर अपनी प्रतिभा में निरंतर सुधार लाने का प्रयास करने से



सफलता मिलती है। इस अवसर पर विशेष रूप से जनपद सदस्य पुष्पा ध्रुव, सरपंच अनीता मोतीलाल मेहरा, संतोषी साहू पंच, मिथलेश यादव, राम शरण पटेल, रामनाथ यादव, तुलेश्वर देवांगन, राजेश देवांगन, हेमराज साहू, लक्ष्मण मिरी, आदित्य शर्मा, टिकेश्वर यादव, गीतेश यादव, चमन साहू, हरजीत पटेल, हरीश पटेल, दुर्गेश ध्रुव, डोमेष साहू, होमनाथ सिदार, पुरण यादव, संजय सेन, संजू सेन, कौशिक सेन, नुकेश यादव, होरी लाल निषाद, गणपत साहू, साजिद चौहान, विकास, तुषार, शिवम साहू, सूरज देवांगन उपस्थित थे।



# ललितपुर विद्यालय में हुआ नेवता भोज का आयोजन

**भंवरपुर।** शासकीय प्राथमिक शाला ललितपुर संकुल केंद्र जमदरहा में प्रधान पाठक गफ्फार खान के नेतृत्व में नेवता भोज का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि डिजेंद्र कुर्रे(संकुल समन्वयक जमदरहा), अध्यक्ष नेहरूलाल साहू रहे। अतिथियों का प्रधान पाठक खान द्वारा स्वागत किया गया। शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और समिति सदस्यों द्वारा विद्यालय के लिए 30 नग प्लेट प्रधान पाठक को भेंट किए। कार्यक्रम में रामेश्वरी चौहान (शाला प्रबंधन समिति सदस्य) द्वारा स्वेच्छा से पीएम पोषण योजना अंतर्गत नेवता भोज का आयोजन आंशिक रूप से कराया गया। इस मौके पर उनकी सास दशमोती, ससुर भागबतिया एवं पुत्री सुमन चौहान कक्षा पांचवी उपस्थित थी।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन / क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### मातृ-पितृ पूजन दिवस पर की गई पूजा अर्चना

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में मातृ-पितृ पूजन दिवस पर पूजा अर्चना की गई। काजल चंद्राकर ने अपने माता पिता की पूजा अर्चना की। काजल ने कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति में माता-पिता को भगवान से बड़ा माना जाता है। हिंदू संस्कृति में हम अपने मातृ-पितृ की पूजा करते है। माता-पिता ने हमारे पालन-पोषण में कितना कष्ट उठाया है। कितना त्याग किया है। इनकी पूजा-अर्चना, सेवा करने से छोटे-से-छोटा व्यक्ति भी महान बन जाता है।

### महाशिवरात्रि पर शिव मंदिर में कलश स्थापना आज

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी स्थित बड़े तालाब में पुनर्निर्माण मंदिर में मूर्ति व कलश स्थापना के प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ पूजा का आयोजन महाशिवरात्रि पर रविवार 15 फरवरी को किया गया है। प्रातः 10 बजे सर्वप्रथम मंदिर में ध्वजारोहण किया जाएगा। आचार्य लक्ष्मी नारायण वैष्णव द्वारा विधिविधान से मंदिर में भगवान शिव की मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जाप करेंगे। महाआरती के बाद श्रद्धालुओं को महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। इस तैयारी को लेकर रवि चंद्राकर, गोवर्धन चंद्राकर, रमेश चक्रधारी, संतोष साहू, राजू साहू आदि जुटे हुए हैं।

### 1200 हितग्राहियों को नहीं मिल रहा सरकारी राशन दुकान में शक्कर

**महासमुंद।** तुमगांव क्षेत्र के ग्राम बड़गांव व बरबसपुर के बीपीएल राशन कार्ड हितग्राहियों को गत 3 माह से शासकीय दर पर शक्कर का वितरण नहीं किया जा रहा है। इसके चलते गरीब उपभोक्ताओं को बाजार में अधिक दर पर शक्कर खरीदना पड़ रहा है। जिला पंचायत के पूर्व सभापति अमर अरूण चंद्राकर ने संबंधित शासकीय उचित मूल्य की दुकान जाकर वस्तुस्थिति से अवगत होकर ग्रामीणों से चर्चा की। अमर ने अतिशीघ्र बड़गांव राशन दुकान से संबंधित समस्त बीपीएल हितग्राहियों को 3 माह का शक्कर एक साथ वितरण करने की मांग शासन-प्रशासन से की है।

### सरस्वती विद्या मंदिर में मातृ-पितृ दिवस मनाया

**महासमुंद।** मां सरस्वती विद्या मंदिर बेमचा में मातृ-पितृ दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि नोडल प्राचार्य सोहनलाल पाटकर एवं विशिष्ट अतिथि भगत राम साहू, विधायक प्रतिनिधि रविकांत चंद्राकर, नवीन चंद्राकर वरिष्ठ व्याख्याता हाईस्कूल एवं सभी बच्चों के माता-पिता उपस्थित थे। बच्चों ने अपने माता-पिता का पूजन किया एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम के अंतिम में बच्चों में मोबाइल प्रयोग जागरूक नाटक प्रस्तुत किया गया, जिससे समाज को शिक्षा व सीख मिली। विद्यालय के प्राचार्य नीरज चंद्राकर ने आभार व्यक्त एवं कार्यक्रम का संचालन सुनीता ध्रुव ने किया। इस अवसर पर सीता कोसरे, प्रेमलता निर्मलकर, रूपाली चंद्राकर, ममता साहू, सविता साहू, योगिता सेन एवं प्रियंका निर्मलकर आदि मौजूद रहे।

# बच्चों व गर्भवती महिलाओं की जांच, कुपोषण पहचानकर उपचार से जोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में बच्चों के पोषण स्तर में सुधार और कुपोषण को जड़ से समाप्त करने के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 9 से 18 फरवरी तक वजन त्यौहार का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शहरी परियोजना अंतर्गत डॉ. सुशील सैमुअल वार्ड (सेक्टर-01) में विशेष शिविर लगाकर बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद राहुल आवड़े एवं सुनैना पप्पू ठाकुर उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा उनका वजन एवं ऊंचाई मापी गई। इस दौरान बच्चों का वजन-ऊंचाई परीक्षण किया गया।

शिविर के दौरान कुपोषित एवं अत्यंत कुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें विशेष पोषण आहार एवं आवश्यक चिकित्सा सुविधा से जोड़ने की प्रक्रिया की गई। वहीं गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आयरन, कैल्शियम एवं पोषक तत्वों के सेवन की सलाह दी गई। पालकों को आहार तालिका प्रदान कर बच्चों के खान-पान में सुधार के लिए मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही हाथ धोने की आदत, स्वच्छता और नियमित टीकाकरण के महत्व पर भी जागरूक किया गया। अतिथियों ने कहा कि विष्णु देव साय सरकार बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर गंभीर है और आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से चलाए जा रहे अभियानों से कुपोषण के खिलाफ प्रभावी कार्य हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि महतारी वंदन योजना के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक सहायता देकर मातृ शक्ति को स्वावलंबी बनाया जा रहा है, जिससे परिवार के पोषण स्तर में भी सुधार संभव है।

## महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 9 से 18 फरवरी तक वजन त्योहार का आयोजन

### पोषण रिपोर्ट से पालकों को किया जागरूक

शिविर में जांच के बाद पालकों को बच्चों की पोषण रिपोर्ट के बारे में बताया गया कि जीवन के शुरुआती 6 वर्ष बच्चे के शारीरिक व मानसिक विकास की मजबूत नींव होते हैं। नियमित जांच, संतुलित आहार और स्वच्छता से बच्चों को एनीमिया एवं कुपोषण जैसी बीमारियों से बचाया जा सकता है। कार्यक्रम का आयोजन सुपरवाइजर शीला प्रधान के मार्गदर्शन में किया गया। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लल्ली आर्य, तीज बाई, आभा साहू, एवं मितानिन, पालकगण, बच्चे मौजूद थे।



### शाला त्यागी किशोरियों को फिर से स्कूल से जोड़ा

शिविर के दौरान महत्वपूर्ण पहल के तहत शाला त्याग चुकी किशोरी बालिकाओं को पुनः स्कूल में जोड़ने के लिए भी समझाइश दी गई। वार्ड के देवार जाति की धनेशी, बृजला, मालिनी, कृतिका, 4 किशोरी बालिकाएं किसी कारणवश स्कूल छोड़ चुकी थीं, जिन्हें सुपरवाइजर शीला प्रधान की समझाइश के बाद पुनः स्कूल जाने के लिए तैयार किया गया। इसके अलावा पालकों को न्योता भोज के लिए बताया गया कि विशेष अवसरों में आंगनबाड़ी केंद्रों में न्योता भोज का आयोजन कर अपने प्रियजनों के

## शिविर : 0 से 5 वर्ष के 80 बच्चों की स्वास्थ्य जांच

# 29 कुपोषित-अति कुपोषित बच्चों को बांटी गई दवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नयापारा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य

- मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना के तहत नयापारा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शिविर आयोजित

केंद्र में मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना अंतर्गत विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों की नियमित स्वास्थ्य जांच कर कुपोषण की पहचान करना, समय पर उपचार उपलब्ध कराना रहा।




शिविर में शहरी परियोजना अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों में अध्ययनरत 0 से 5 वर्ष के कुल 80 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें लाभान्वित किया गया। जांच के दौरान कुल 29 बच्चे कुपोषित एवं अति कुपोषित पाए गए, जिन्हें तत्काल आवश्यक दवाइयां एवं पोषण संबंधी उपचार उपलब्ध कराया गया।

### डॉक्टरों ने दी पोषण और देखभाल संबंधी सलाह

शिविर में मौजूद डॉक्टरों की टीम द्वारा पालकों को बच्चों के संतुलित आहार, समय पर टीकाकरण, नियमित वजन एवं ऊंचाई माप, स्वच्छता, दस्त-उल्टी जैसी स्थिति में तुरंत उपचार, तथा आयरन-फोलिक एसिड, कैल्शियम एवं विटामिन की नियमितता को लेकर आवश्यक सलाह दी गई। साथ ही गंभीर कुपोषित बच्चों के नियमित फॉलोअप एवं आवश्यकता पड़ने पर पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती की जानकारी भी दी गई।

### पालकों को किया गया जागरूक

शिविर के दौरान पालकों को समझाइश दी गई कि बच्चों के भोजन में दाल, हरी सब्जियां, दूध, अंडा, फल, मौसमी खाद्य पदार्थ शामिल करें। बच्चों को समय-समय पर कृमिनाशक दवा दिलाने, साफ पानी पिलाने और भोजन से पहले हाथ धोने जैसी आदतों को अपनाने पर विशेष जोर दिया गया। शिविर में डॉ. आकृति पटेल सहित विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम, सेक्टर सुपरवाइजर शीला प्रधान, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अंजू चंद्राकर सहित पालक एवं बच्चे उपस्थित रहे।

# रसोइया संघ के पदाधिकारियों ने विधायक यादव से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

छत्तीसगढ़ स्कूल मध्यान्ह भोजन

- विधायक ने उनकी मांगों की ओर शासन का ध्यानाकर्षित कराने का दिया आश्वासन



रसोइया संयुक्त संघ के पदाधिकारियों ने खल्लारी विधायक एवं पूर्व संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव से मुलाकात कर अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। जिस पर विधायक यादव ने उनकी मांगों को गंभीरता से लेते हुए शासन का ध्यानाकर्षित कराने का आश्वासन दिया।

संघ के पदाधिकारियों ने विधायक यादव को बताया कि उनकी मांगों में छग स्कूल मध्यान्ह भोजन रसोइया संघ को कलेक्टर दर से मानदेय दिया जाए, छग स्कूल मध्यान्ह भोजन रसोइया संघ को सरकार द्वारा किया गया वादा 50 प्रतिशत मानदेय दिया जाए व छात्र छात्राओं की दर्ज संख्या कम होने पर रसोइया को निकाल दिया जाता है उसे तत्काल बंद किया जाए तथा छग स्कूल मध्यान्ह भोजन रसोइया को पूर्णकालीन किया जाए शामिल है। उन्होंने बताया कि अपनी मांगों को लेकर लगातार शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया जा रहा है। बावजूद इसके इस दिशा में कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिससे उन्हें प्रदर्शन करने बाध्य होना पड़ रहा है। जिस पर विधायक यादव ने उनकी मांगों की ओर शासन का ध्यानाकर्षित कराने का आश्वासन दिया। विधायक से मुलाकात के दौरान प्रमुख रूप से संघ के मदन साहू, तुलसी साहू, मीना शर्मा, शकुन शर्मा, आशा शर्मा, हिमंतिन यादव, दुखा यादव, डुमरतीन साहू, दुखाबाई यादव, लेलिंदी राव, रानी जगत, सावित्री आदि मौजूद थे।

### शासकीय महाविद्यालय में मनाया विश्व कैंसर दिवस

**सरायपाली।** स्व. वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में प्राणीशास्त्र विभाग खीरसागर पटेल के मार्गदर्शन में विगत दिनों छात्र-छात्राओं को कैंसर के प्रति जागरूक करने एवं समय पर रोकथाम के महत्व को समझाने के उद्देश्य से विश्व कैंसर दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्य डॉ. संध्या भोई एवं विशिष्ट अतिथियों में सब्या पटेल (सहायक प्राध्यापक रसायनशास्त्र), माधुरी साहू, रोशन चौहान, चांदनी (प्रयोगशाला तकनीशियन), रोहन भोई रहे। मुख्य अतिथि डॉ. भोई ने अपने उद्बोधन में कैंसर के कारणों, लक्षणों, बचाव एवं समय पर जांच के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथियों के द्वारा भी कैंसर से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गईं। छात्र-छात्राओं में भूमिसुता (महाविद्यालय अध्यक्ष), नताशा, यामिनी, भारती ने भी सक्रिय सहभागिता निभाते हुए कैंसर विषय पर अपने विचार, जानकारी एवं जागरूकता संदेश प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन लाजवंती साहू तथा काजल साहू ने किया। अंत में प्राणीशास्त्र विभाग की सचिव सुनील बारीक ने सभी अतिथियों, प्राध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त किया।



### प्रदेश अध्यक्ष का पार्षद भाउराम ने किया स्वागत

**महासमुंद।** केंद्रीय बजट को लेकर जिला भाजयुमो द्वारा आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव का भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष व वार्ड क्रमांक 25 के पार्षद भाऊराम साहू ने स्वागत किया। इस दौरान प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, पार्षद पीयूष साहू, मिलिंद चंद्राकर, आनंद साहू आदि उपस्थित थे।

# भाजपा सरकार में विद्युत कटौती का कोई समय निर्धारित नहीं, किसान हो रहे परेशानः रश्मि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कांग्रेस पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि भाजपा सरकार का किसान विरोधी चेहरा फिर देखने को मिल रही हैं। भाजपा सरकार में विद्युत कटौती का कोई समय निर्धारित नहीं है। अभी से रबी फसल लिए किसानों को कभी पूरे दिन तो कभी पूरी रात सप्लाई नहीं मिल पा रही है। जब विद्युत सप्लाई मिलती है तो लो वोल्टेज की समस्या के कारण मोटर पंप नहीं चल पाते जिस कारण रबी फसल सूख रही है। गांव में सभी लो वोल्टेज और बिजली कटौती से परेशान है।



जिले में रबी सीजन में लगभग हजारों एकड़ में लगी फसल लगभग आधा खराब होने की कगार पर है। बोरवेल के भरोसे हो रही खेती में सिंचाई के अभाव में खेतों की जमीन में दरारें पड़ चुकी हैं। फसलों की ग्रोथ खत्म हो रही है। सिंचाई नहीं होने से फसल या तो सूख चुकी है या सूखने की कगार पर है। किसानों को मात्र 6 घंटे ही बिजली मिल रही है, जिसके चलते खेत सूख रहे हैं और फसल को नुकसान पहुंच रहा है। डॉ. चंद्राकर ने बताया कि फसल को बचाने सिंचाई ही एकमात्र साधन है, लेकिन बिजली कटौती के कारण वे मोटर पंप नहीं चला पा रहे हैं। पानी होते हुए भी किसान खेतों की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। पानी के अभाव में खेत फटने लगे हैं। रबी फसल के लिए रोज फसलों को पानी चाहिए। किसान बता रहे हैं शाम पांच बजे से रात 11 बजे तक विद्युत कटौती की जाती है। रात में 11बजे लाइट आने के बाद मोटर चालू करने जाना एक बड़ी चुनौती रहता है, क्योंकि रात में गर्मी के कारण जानवर पानी के लिए भटकते रहते हैं। यहां जंगली-जानवरों से किसानों को खतरा बना रहता है।

# सुखीपाली स्कूल में छात्रों को दी गई विदाई, विद्यार्थियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

विकासखंड के वनांचल क्षेत्र स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुखीपाली में 12वीं के छात्र-छात्राओं के लिए विदाई सह पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनभागीदारी एवं शाला विकास समिति के अध्यक्ष प्रेमशंकर प्रधान तथा विशिष्ट अतिथि हायर सेकेंडरी स्कूल चिखली के प्राचार्य अब्दुल सईद खान उपस्थित रहे। मंच पर भूतपूर्व शाला विकास समिति अध्यक्ष एवं पूर्व सरपंच सुदर्शन मुन्ना मौजूद रहे।



इस अवसर पर विद्यालय के 15 पूर्व छात्र, जो वर्तमान में आर्म्ड फोर्सेज सीआईएसएफ, सीआरपीएफ, असम राइफल्स, एसएसबी, बीएसएफ में सेवाएं दे रहे हैं, उनके माता-पिता को अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया। सत्र 2025-26 में संज्ञानात्मक एवं सहशैक्षिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। खो-खो, वॉलीबॉल, सौ मीटर व दो सौ मीटर दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा, रेडक्रॉस, स्काउट-गाइड तथा छात्रसंघ पदाधिकारियों को मेडल, शील्ड, ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में कक्षा 12वीं के 41 छात्र-छात्राओं को मनोरंजन एवं शैक्षिक गतिविधियों के माध्यम से सम्मानित कर भावभीनी विदाई दी गई।



### बीईओ ने किया स्कूलों का औचक निरीक्षण

**सरायपाली।** विकासखंड शिक्षा अधिकारी टीसी पटेल ने शासकीय प्राथमिक शाला खम्हारपाली एवं मिडिल स्कूल भोथलडीह का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान दोनों स्कूल में शिक्षकों व बच्चों की उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन, वार्षिक परीक्षा की तैयारी, कक्षा 5वीं एवं 8वीं बोर्ड परीक्षा के ब्लू प्रश्न पत्र की जानकारी, परीक्षा पे चर्चा आदि की जानकारी ली गईं। इस अवसर पर खम्हारपाली प्राशा व भोथलडीह मिडिल स्कूल के प्रधानपाठक एवं भोथलडीह शास उच्च माध्य शाला स्कूल के प्राचार्य सुशील सेठ उपस्थित थे।

## बच्चों ने माता-पिता पूजन कर दिया संदेश, सरस्वती शिशु मंदिर में हुआ आयोजन

# बागबाहरा में मातृ-पितृ दिवस एवं शिशु नगरी कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय के सभाकक्ष में मातृ-पितृ दिवस एवं शिशु नगरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भैया-बहनों में माता-पिता के प्रति कर्तव्य का बोध कराना तथा आधुनिक समाज की बढ़ती कुरीतियों के दुष्प्रभाव से बचाना रहा।

प्राचीन मान्यता के अनुसार, भगवान गणेश ने अपने माता-पिता की पूजा एवं परिक्रमा कर उनकी कृपा प्राप्त की, जिससे वे सर्वदेवों में श्रेष्ठ बने। इसी परंपरा को जीवंत करते हुए 14 फरवरी को माता-पिता पूजन दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि तोमेश्वरी साहू रहीं। अध्यक्षता ममता जगत ने की, जबकि विशेष अतिथि उमा यादव एवं जानकी चंद्राकर उपस्थित रहीं। मुख्य अतिथि साहू ने अपने उद्बोधन में उपस्थित अभिभावकों को संबोधित करते हुए अत्यंत सारगर्भित विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि मानव जीवन की पांच अवस्थाएं होती हैं, जिनमें बाल्यकाल सबसे महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि इसी काल में दिए गए संस्कार व्यक्ति के संपूर्ण जीवन की दिशा और दशा निर्धारित करते हैं। यदि बचपन में अच्छे संस्कार मिल जाएं, तो आगे चलकर वही बालक एक आदर्श नागरिक, श्रेष्ठ परिवार




सदस्य और जिम्मेदार समाजसेवी बनता है। उन्होंने आगे कहा कि पढ़ाई तो लगभग सभी विद्यालयों में कराई जाती है, परंतु केवल पाठ्य पुस्तकों का ज्ञान ही जीवन की सफलता का आधार नहीं बन सकता। वास्तविक शिक्षा वह है, जो ज्ञान के साथ-साथ चरित्र निर्माण, अनुशासन, नैतिक मूल्यों और भारतीय संस्कृति का बोध कराए। अपने उद्बोधन में उन्होंने विशेष रूप से सशिमं की शिक्षा पद्धति की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्था विद्यार्थियों को केवल अंक प्राप्त करने की दौड़ में नहीं लगाती, बल्कि उन्हें संस्कारवान, विनम्र, कर्तव्यनिष्ठ और राष्ट्रप्रेमी बनाने का सतत प्रयास करती है। यहां शिक्षा का उद्देश्य केवल बुद्धि का विकास नहीं, बल्कि मन, मस्तिष्क और व्यवहारकृतीनों का संतुलित निर्माण है। अंत में उन्होंने अभिभावकों से आह्वान किया कि वे भी विद्यालय के साथ समन्वय बनाकर बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहभागी बनें, क्योंकि घर और विद्यालय दोनों के संयुक्त प्रयास से ही एक उज्ज्वल, संस्कारित और सशक्त पीढ़ी का निर्माण संभव है। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती, ओम एवं मां भारती के फोटो पर दीप प्रज्ज्वलन कर किया। आचार्य मेघा डहरवाल ने उपस्थित अभिभावकों को शिशु वाटिका के बारे में जानकारी दी। मातृ-पितृ पूजन कार्यक्रम आचार्य मिथलेश साहू ने संचालित किया। शिशु नगरी के अंतर्गत छोटे भैया-बहनों ने सुंदर झांकियों का प्रदर्शन किया तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

